**09/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया बी.आर.गवई आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर ईटानगर पहुंचे। उनके साथ गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार भी दौरे पर है। सीजेआई बी.आर. गवई कल नाहरलागुन के डी-सेक्टर में गुवाहाटी हाई कोर्ट, ईटानगर पर्मानेंट बेंच के नवनिर्मित न्यायालय भवन का उद्घाटन करेंगे। ईटानगर के राजभवन पहुंचने पर उन्हें अरुणाचल प्रदेश पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी उपस्थित रहे एवं राज्यपाल के आयुक्त पवन कुमार सैन ने राज्यपाल की ओर से उनका स्वागत किया, जो वर्तमान में राज्य के बाहर आधिकारिक दौरे पर हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और राज्य के कानून मंत्री एडवोकेट केंतो जिनी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

0000000000000000000000

भाई-बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देशभर में पारम्परिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं।

अपने संदेश में, उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का अर्थ है 'सुरक्षा का बंधन', जो हमें परिवारों और समाज में एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग करने के कर्तव्य की याद दिलाता है। राज्यपाल ने कहा कि यह आपसी विश्वास, भावनात्मक निकटता और सम्मान का प्रतीक है साथ ही व्यापक अर्थों में, पुरुषों से ईमानदारी और भाईचारे के साथ महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा बनाए रखने का आह्वान भी करता है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इस पावन अवसर पर ज्ञान मिशन अनाथालय के बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया।

0000000000000000000000

राज्य के पर्यटन एवं पुस्तकालय मंत्री पासांग दोरजी सोना ने आज ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों के साथ चल रही पहलों का आकलन करते हुए राज्य की पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सतत विकास, सामुदायिक भागीदारी और राज्य को एक प्रमुख साहसिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2024 का अंतिम परिणाम कल घोषित कर दिया गया जिसके तहत राज्य सरकार के विभिन्न पदों के लिए कुल 140 उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

उम्मीदवारों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने उनसे राज्य के विकास और कल्याण के लिए ईमानदारी, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के साथ सेवा जारी रखने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज एवेन्यू फॉर जॉय फाउंडेशन द्वारा राजीव गांधी गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, ईटानगर में फ़ूड बास्केट वितरण सह टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सा अधिकारी (आईसीआर) डॉ. एस.जे.मितापो, जिला क्षय रोग कार्यालय, नाहरलागुन के कर्मचारी और नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (NEDFi), ईटानगर के अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर, डॉ. मितापो ने इस बात पर ज़ोर दिया कि टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकता पर नियमित रूप से निर्धारित दवाएँ लेने की आवश्यकता है।

0000000000000000000000

राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत दो महीने की हस्तशिल्प कार्यशाला, प्रथम गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आज नाहरलागुन के ई-सेक्टर स्थित स्टूडियो 3103 में आयोजित किया गया। व्यापार एवं वाणिज्य विभाग के व्यापार विकास अधिकारी चाउ म्यासेंग सी थूमतेन और राज्य स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. के.एम. लोम्बी ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में भाग लिया।

अपने भाषण में, श्री थूमतेन ने कहा कि नए विचारों का हमेशा स्वागत है और मिट्टी के बर्तनों का बाजार उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर है। सिरेमिक आर्टिस्ट कार्तर लोम्बी के मार्गदर्शन में 30 छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय और हस्तशिल्प केंद्र, ईटानगर, द्वारा स्टूडियो 3103 के सहयोग से किया गया था।

0000000000000000000000

आगामी उनासीवें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आज अपर सुबनसिरी जिले के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक वृक्षारोपण और सोशल सर्विस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम के आयोजक, तातर वेलफेयर सोसाइटी ने शहर के प्रत्येक नागरिक से अपने शहर को स्वच्छ रखने और कूड़ा-कचरा न फैलाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में जिला प्रशासन को अपना सहयोग देने का आग्रह भी किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 4 जिलों लोअर सुबनसिरी, आंजाव, लोहित, और चांगलांग के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही अन्य 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज़ बारिश होने की संभवना है।

0000000000000000000000